RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शुक्रवार 19 अगस्त 2022 वर्ष 04 अंक 108 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

रायगढ़ में दो संदिग्ध नाव बरामद, हाई अलर्ट जारी...!

बोट में AK-47 और कारतूस भी मिले

मुंबई : मुंबई से सटे रायगढ़ में दो संदिग्ध नाव बरामद की गई हैं. नावों के अंदर हथियार भी मिले हैं. बताया जा रहा है कि किसी मछुआरे ने मुंबई पुलिस को इसकी खबर दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई. नाव में हथियार मिलने के बाद इलाके भर में हाई अलर्ट जारी कर दिया है. ये बोट यूके में रजिस्टर है. सूत्रों ने बताया कि यह बोट ओमान के पास डिस्ट्रेस में थी तभी इस बोट के लोगों को ओमान में रेस्क्यू किया गया था.

इसके बाद से ये बोट वहां पानी में ऐंकर की गई थी जो बहते हुए रायगढ़ आ गई. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. ये बोट बहते हुए भारत में आ गई है. इसमें कुछ डिसमेंटल हथियार मिले हैं. शुरूआती जांच में टेरर एंगल नहीं दिख रहा है. इन नावों को लेकर एबीपी न्यूज ने मेरीटाइम नेपच्यून सिक्योरिटी कंपनी लंदन ऑफिस में फोन किया. वहां विक्टोरिया नाम की महिला ने फोन उठाया. उनसे रायगढ़ में मिले हथियार से भरे बॉक्स बारे में पूछने पर वे बोलीं कि वो अपने सीनियर्स से बात कर जानकारी लेकर फिर हमें जानकारी देंगी. आधे घंटे का समय मांगा है. जानकारी के लिए रायगढ़ में जो हथियार से भरा बॉक्स मिला है उसपर मेरीटाइम नेपच्यून सिक्योरिटी लिखा हुआ है. दूसरी बोट भरण खोल समुद्री तट पर मिली है. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एक नाव ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की है. लेडीहान नाम की ये नाव ऑस्ट्रेलियाई महिला की है. उनके पति जेम्स हर्बर्ट नाव के कप्तान हैं. समुद्र में नाव का इंजन फट गया था.

खड्डे के कारण नेशनल पार्क ब्रिज पर एक्सीडेंट 2 की मौत!

वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे नेशनल पार्क ब्रिज पर खड्डे की चपेट में आने के कारण दो बाइक सवार गिर गए पीछे से आ रहे डंपर ने उन्हें कुचल दिया ।दोनो की जगह पर ही मौत हो गई।पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मृतकों के परिजन से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। वीओ-इन दिनों बारिश के मौसम में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर कई जगह पर जानलेवा खड्डा है।जिसके कारण एक्सीडेंट होता ही रहता है।बोरीवली पूर्व नेशनल पार्क हाइवे ब्रिज पर भी दोनों तरफ आने जाने वाले रास्ते पर बड़े बड़े खड्डे है।आज 17 अगस्ट को दोपहर डेढ़ से दो बजे के करीब मुम्बई से दहिसर की तरफ एक बाइक पर बैठे दो बाइक सवार जा रहे थे।नेशनल पार्क ब्रिज पर बड़े बड़े खड्डे होने के कारण बाइक चालक ने ब्रेक मारी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही डम्फर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी जिसके कारण दोनों की जगह पर ही मौत हो गयी।खबर मिलते ही कस्तूरबा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पंहुची। डंपर का नंबर - mh02er5461 और बाइक का नंबर Mh04hl 6804 है। पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और दोनो में एक महिला और एक पुरुष है मृतक के परिजन से संपर्क करने में जुटी हुई है।

ऑटो रिक्शा चुराने वाले गैंग के सात आरोपी गिरफ्तार' 11 ऑटो बरामद...

भायंदर: भायंदर पूर्व की नवघर पुलिस ने भायंदर ,नवी मुंबई ,मुम्बई और काशी मीरा परिसर से ऑटो रिक्शा चुराने वाले गैंग के सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 13 ऑटो रिक्शा बरामद की हैं गिरफ्तार चोर संगठित रूप से ऑटो चुरा कर उसका नम्बर और चेचिस नम्बर बदल कर दूसरे ऑटो चालकों को दिहाड़ी पर चलाने देते थे, नवघर पुलिस स्टेशन के परिसर में खड़े ये ऑटो रिक्शा को पुलिस ने आरोपी राम शिवराम कुमार,सुरेंद्र गोस्वामी ,ऋषिदेव शुक्ला,अक्साम खान ,इसराद खान,मोहम्मद सय्यद ,और विजय घाटी से बरामद किए हैं .

महाराष्ट्र की शराब के साथ मस्तूरी का युवक पकड़ा गया

महाराष्ट्र : मस्तूरी क्षेत्र में महाराष्ट्र की शराब के साथ युवक को पकड़ा गया है। उसके कब्जे से छह पाव अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। आबकारी अमला युवक से पूछताछ कर इसकी जांच कर रही है। इससे पहले भी मस्तूरी क्षेत्र में मध्य प्रदेश की शराब जब्त की गई थी। मामले में एक थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया था। मस्तूरी क्षेत्र में महाराष्ट्र से शराब लाकर बेचने की घटना सामने आई है। इसकी सूचना पर आबकारी विभाग के अधिकारियों ने दबिश देकर एक युवक को पकड़ लिया। युवक कब्जे से छह पाव अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। आबकारी अमले ने इसे जब्त कर लिया है। युवक को हिरासत में लेकर शराब सप्लाई करने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है।

55 लाख रुपए का प्रतिबंधित गुटखा जप्त... !

भिवंडी : भिवंडी पुलिस और खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित गुटखा, तंबाकू बिक्री पर लगाम लगाने के लगातार प्रयास किए जाने के बावजूद शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दुकानदारों द्वारा बड़े पैमाने पर गुटखा बिक्री हो रही है। कोनगांव पुलिस ने प्रतिबंधित गुटखा लेकर बिक्री के लिए जा रहे ट्रक को जप्त कर 55 लाख 40 हजार रुपए कीमत का प्रतिबंधित शिखर गुटखा जप्त किए जाने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई और ठाणे क्षेत्र में दूसरे राज्य से प्रतिबंधित शिखर गुटखा लाकर बिक्री किए जाने की जानकारी मुखबिर से खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस विभाग को मिली थी। मुखबिर की सूचना के उपरांत पुलिस ने नासिक-मुंबई महामार्ग के बांसुरी होटल पर सुबह छापेमारी कर नासिक की ओर से आ रही एक संदिग्ध कंटेनर को रोका। कंटेनर में तलाशी के दौरान 57 प्लास्टिक बोरियों में भरा हुआ सील बंद शिखर गुटखा की खेप बरामद हुआ है।

दिल्ली से भेजा गया था गुटखा

पुलिस ने कंटेनर चालक हरियाणा निवासी आसिफ अब्दुल रहीम को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि ट्रक मालिक आशुतोष भाटिया निवासी दिल्ली ने प्रतिबंधित गुटखा भेजा है। कोनगांव पुलिस ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामलिंग बोडके की शिकायत पर आपराधिक मामला दर्ज किया है। मामले की तहकीकात पुलिस निरीक्षक आर. कडलक कर रहे हैं।

मुंबई पुलिस ने छापेमारी कर जब्त किए 2435 करोड़ के ड्रग्स, 7 गिरफ्तार

मुंबई : मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्ससेल ने 2 बार की छापेमारी में लगभग 2435 करोड रुपए के ड्रग्स को बरामद किया है. वहीं 7 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं. इसमें से पांच न्यायिक हिरासत में हैं तो वहीं दो आरोपी पुलिस हिरासत में हैं. दरअसल मामला इसी साल 29 मार्च का है जब पुलिस ने गुप्तचर से मिली सूचना के आधार पर मुंबई के गोवंडी इलाके में छापेमारी की और वहां पर समीउल्ला खान नाम के एक ड्रग्स पेडलर को पकड़ा जिसके पास ढाई सौ ग्राम ड्रग्स बरामद हुईं. जिसकी कीमत 36 लाख 50 हजार रुपए थी .

समीउल्लाह से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी नंबर दो अयूब शेख को गिरफ्तार किया. जिसके पास से ढाई किलो ड्रग्स बरामद हुआ. जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4 करोड़ रुपए थी. दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने 2 मिडिल मैन को गिरफ्तार किया. जिसमें से एक महिला आरोपी रेशमा चंदन और दूसरा रियाज मेमन है. पुलिस के पास कुल 4 आरोपी थे. जिसके बाद पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाई और इस पूरे रैकेट का सबसे बड़ा मास्टरमाइंड यानी आरोपी नंबर 5 प्रेम शंकर सिंह पकड़ा गया. यह प्रेमशंकर वहीं आरोपी है जो पूरे ड्रग्स को बनवाया करता था. पुलिस ने प्रेम शंकर सिंह के गोडाउन में छापा मारकर 701 किलो ड्रग्स बरामद की. जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1403 करोड़ रुपए आंकी गई है.

संपादकीय / लेख

श्रीलंका में चीन !

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

भारत और अमेरिका के न चाहने के बावजूद श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी पोत का पहुंचना अगर चिंता की एक वजह बन गया है, तो कोई आश्चर्य नहीं। इसे एक हाई-टेक अनुसंधान पोत बताया जा रहा है, लेकिन वास्तव में इसकी कमान चीनी सेना के पास रहती है। चीनी सेना के दिशा-निदेशों पर चलने वाले पोत को चीन अपने शोध अभियान का हिस्सा बता रहा है, लेकिन श्रीलंकाई राष्ट्रपति के प्रतिनिधि ने इसे शांति अभियान का हिस्सा बता दिया है। हालांकि, 222 मीटर लंबे इस पोत पर 2,000 से ज्यादा लोग सवार हैं, क्या ये सभी वैज्ञानिक हैं? क्या वे श्रीलंका के करीब के समुद्र पर शोध के लिए निकले हैं? क्या चीन के पास समुद्री शोध के लिए और जगह नहीं है? सैटेलाइट, एंटीना और रडार से लैस इस युआन वांग-5 नामक पोत के प्रति क्या भारत की चिंता अतिरेक है? वैसे चीन के जवाब को देखें, तो वह आश्वस्त करने की कोशिश के साथ-साथ चेतावनी की भाषा बोलते हुए तनिक भी हिचक नहीं रहा है। उसके श्रीलंका पदस्थ राजदूत ने हंबनटोटा में कहा है कि पोत की गतिविधियों से किसी भी देश की सुरक्षा प्रभावित नहीं होगी और किसी भी 'तीसरे पक्ष' द्वारा इसे 'बाधित' नहीं किया जाना चाहिए।

वास्तव में, इस विशालकाय पोत से भारत को प्रत्यक्ष खतरा यह है कि यह पोत भारत में ओडिशा तक नजर रख सकता है। परोक्ष खतरा यह है कि इससे भारत समुद्री मोर्चे पर सामरिक रूप से न सही, रणनीतिक रूप से असहज होने जा रहा है। चीन जब भारत से लगती सीमा पर लगातार तनाव बनाए हुए है, तब दक्षिण में हंबनटोटा में उसकी मौजूदगी अगर अमेरिका को भी चिंतित कर रही है, तो भारतीय रणनीतिकारों को ज्यादा सचेत हो जाना चाहिए। चीनी सेना के लिए जासूसी करने वाले पोत को अगर श्रीलंका ने बार-बार आने या ज्यादा दिन तक टिकने की मंजूरी दी, तो भारत के लिए शायद एक नया मोर्चा खुल जाएगा। पहले भारत दक्षिण की ओर से आश्वस्त रहा है, लेकिन अब श्रीलंका की आर्थिक तबाही ने परोक्ष रूप से भारत को भी प्रभावित किया है। श्रीलंका की मजबूरी है कि वह चीन को तवज्जो दे, क्योंकि अगर वह तवज्जो नहीं देगा, तो श्रीलंका को मिलने वाले अंतरराष्ट्रीय ऋण में परेशानी होगी। संयुक्त राष्ट्र में चीन इस स्थिति में है कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा दी जाने वाली मदद को रोक सकता है। श्रीलंका की मजबूरी भारत के लिए मुसीबत बन सकती है। अभी श्रीलंका के पास ज्यादा विकल्प भी नहीं हैं और भारत भी सिवाय सतर्क रहने के कुछ खास करने की स्थिति में नहीं है। चीन दुनिया में बदलते हालात का अधिकतम फायदा उठा रहा है। वह मजबूत श्रीलंका अब अतीत की बात है, जिसने हंबनटोटा बंदरगाह से कभी चीन को विदा कर दिया था।

नई बात नहीं है, चीन को ऐसे ही मौके की तलाश रहती है। उस पाकिस्तान का भी हाल कुछ अलग नहीं है, जिसे चीन लौह मित्र कहता है। चीन का सदाबहार लौह मित्र किस तरह से गुजारा कर रहा है, यह सच्चाई छिपी नहीं है। जहां तक भारत का प्रश्न है, जासूसी से बचना मुश्किल है। समाधान इसी में है कि भारत स्वयं को तकनीक, कूटनीति और सामरिक रूप से मजबूत करे। परेशानी से गुजर रहे श्रीलंका के साथ चीन का संबंध बना रहेगा, पर भारत को इसी वजह से श्रीलंका के साथ अपने संबंध तनावपूर्ण नहीं

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

फोन टैपिंग मामला:

आईपीएस अधिकारी ने उपमुख्यमंत्री फडणवीस से की मुलाकात

मुंबई : यहां कथित फोन टैपिंग मामले में जांच का सामना कर रही वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला ने बुधवार रात महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आवास पर मुलाकात की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने यह जानकारी दी। हालांकि, नेता ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि बैठक में बातचीत हुई।

उन्होंने बताया, ह्यह सच है कि रश्मि शुक्ला ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। हालांकि, बैठक में क्या बातचीत हुई, इस बारे में मुझे कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं है।ह्व मुंबई पुलिस ने हाल ही में एक अदालत को बताया कि उन्होंने कथित फोन टैपिंग मामले में शुक्ला के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति मांगी है। इस साल अप्रैल में शुक्ला के खिलाफ दायर आरोप-पत्र में शिवसेना सांसद संजय राउत और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एकनाथ खडसे सहित कम से कम 20 लोगों के बयान शामिल हैं, जिनके फोन कथित तौर पर तब टैप किए गए थे जब शुक्ला महाराष्ट्र राज्य खुफिया विभाग का नेतृत्व कर रहीं थीं। एक अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) की शिकायत पर शुक्ला के खिलाफ भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम (आईटीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत कोलाबा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रहे 'बायकॉट ट्रेंड' पर बोले अनुराग कश्यप, 100 करोड़ से ज्यादा कमाई वाली...

अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'दोबारा' के प्रमोशन के में बिजी हैं. इस फिल्म में तापसी पन्नू और पवेल गुलाटी लीड रोल में नजर आने वाले हैं. ये फिल्म 19 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. तापसी पन्नू और अनुराग कश्यप उन बॉलीवुड सेलेब्स में से हैं जो इंडस्ट्री में हो रही पॉलिटिक्स पर अपनी राय रखने से पीछे नहीं हटते हैं. जब भी बॉलीवुड को लेकर उनसे पूछा जाता है तो वह कॉन्ट्रोवर्शियल स्टेटमेंट देते हैं. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अनुराग और तापसी ने फिल्म के फेल होने के साथ सोशल मीडिया पर बायकॉट ट्रेंड को लेकर खुलकर बात की. पिंकविला से खास बातचीत में अनुराग कश्यप से जब बायकॉट ट्रेंड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा- मैं इसका आदी हूं. ये उन लोगों को प्रभावित करता है जिनकी फिल्में 100 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस करती हैं. मेरी फिल्मों ने 32 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस नहीं किया है तो मेरे लिए कुछ नया नहीं है. जब से ट्विटर शुरू हुआ है मैं तब से बायकॉट हो रहा हूं. मुझसे वो सवाल पूछिए जो मुझ प्रभावित करते हैं.

अनुराग कश्यप ने बायकॉट के बारे में बात करते हुए कहा- मुझे लगता है मैं लंबे समय से बायकॉट नहीं हुआ हूं. तापसी ने बताया कि मनमर्जियां के बाद अनुराग की अब कोई फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. बता दें सोशल मीडिया पर इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों को बायकॉट करने का ट्रेंड चल रहा है. पहले लाल सिंह चड्ढा उसके बाद पठान और ब्रह्मास्त्र को भी बायकॉट करने की मांग की जा रही हैं. दोबारा एक मिस्ट्री ड्रामा फिल्म है. ये स्पैनिश फिल्म का ऑफिशियल रीमेक है. हाल ही में इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी जिसमें कई सेलेब्स शामिल हुए थे.

डेटिंग एप यूजर से रंगदारी वसूलने के आरोप में दो गिरफ्तार,

एप्लिकेशन से पता की थी प्रोफाइल

मुंबई : मुंबई में एक व्यवसायी को डेटिंग एप का इस्तेमामल कर झूठे मामले में फंसाने के आरोप में एक कैब वाले समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ओशिवारा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी जोड़ी मोहित कुमार हनुमान प्रसाद ताक उर्फ प्रशांत डांसर उर्फ बेबो (29) और कैब चलाने वाले वजुल कमर खान (35) ने एक डेटिंग एप्लिकेशन से कारोबारी के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने एफआईआर का हवाला देते हुए कहा कि दोनों ने व्यवसायी से संपर्क किया और एक महिला के साथ अंतरंग होने के लिए उसे 10,000 रुपये की पेशकश की। साथ ही कहा

कि पीड़ित और आरोपी एक मॉल में मिले और बाद में वे एक कार में बैठे। इसके बाद दोनों एक सुनसान जगह पर चले गए और शिकायतकर्ता को धमकी दी कि अगर वह 5 लाख रुपये नहीं देता है तो वे उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज करेंगे। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने व्यवसायी के 2,000 रुपये छीन लिए और उसे भागने से पहले 5,000 रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण करने के लिए मजबूर किया।

काबुल की मस्जिद में बम धमाका, कम से कम 21 की मौत, 40 घायल

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक मस्जिद में हुए बम धमाके में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक इस ब्लास्ट में 40 लोग घायल हुए हैं। उत्तरी काबुल की मस्जिद में धमाका तब हुआ जब लोग शाम कि इबादत के लिए इकट्ठा हुए थे। काबुल पुलिस के प्रवक्ता ने रॉयटर्स को बताया, मस्जिद के अंदर धमाका हुआ। इसमें बहुत सारे लोग मारे गए हैं लेकिन सही संख्या अभी नहीं बताई जा सकती।

धमाका बहुत ही जोरदार था। मस्जिद के आसपास के घरों के शीशे भी धमाके की वजह से टूट गए। तालिबान के खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। मरने वालों में मस्जिद के इमाम भी शामिल हैं। काबुल के इमरजेंसी अस्पताल की तरफ से बताया गया कि 27 लोग घायल हो गए हैं और उनका इलाज चल रहा है। इसमें एक सात साल

का बच्चा भी है। घटना के तुरंत बाद मौके पर सुरक्षाकर्मी और ऐंबुलेंस पहुंच गई। बता दें कि यह हमला तब हुआ है जब तालिबान अपना विजय सप्ताह बना रहा है। 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया था। पिछले सप्ताह एक मदरसे में मौलवी की भी हत्या कर दी गई थी। वह मौलवी आईएस को लेकर काफी आक्रामक भाषण दिया करता था। गुरुवार को मदरसे में आत्मघाती हमले में वह मारा गया। जिहादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

विपक्ष के नेता अजित पवार का आरोप

शिंदे के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से राज्य में हर दिन 3 किसान आत्महत्या

मुंबई : राज्य में हर दिन औसतन तीन किसान आत्महत्या करते हैं. सीएम एकनाथ शिंदे के शपथ लेने के बाद से पिछले 45 दिनों में 137 किसानों ने आत्महत्या की है। इन किसानों की विधवा पत्नियों को क्या करना चाहिए? किसानों को इसका जवाब मिलना चाहिए कि सरकार उनके करीब क्यों नहीं महसूस करती। राज्य में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि किसानों को आत्महत्या करने से हतोत्साहित करने के लिए नीतियां लागू करें। राज्य में भारी बारिश और बाढ़ से किसान संकट में हैं। इन किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए विपक्षी दल की ओर से विधान सभा में नियम 293 के तहत एक प्रस्ताव दायर किया गया था। इस प्रस्ताव पर बोलते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने सरकार पर तंज कसा. जीत पवार ने पिछले महीने भारी बारिश वाले क्षेत्र का दौरा करने के बाद जो चीजें देखीं, उसकी जानकारी हॉल में देकर किसानों की मदद करने के निर्देश दिए हैं.

इस बीच अजीत पवार ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी भी दी कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मान ली जाती तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे. कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार को देश के वरिष्ठ नेता शरद पवार से मिल कर मार्गदर्शन लेना चाहिए. साथ ही पवारसाहेब की तरह कृषि के अन्य विशेषज्ञों से भी मिलना चाहिए और उपाय किए जाने चाहिए। किसानों को संकट से उबारने के लिए अगर सरकार को कर्ज भी लेना पड़े तो निकाल लें। इस मौके पर अजित पवार ने प्रधानमंत्री से मिलने, वित्त मंत्री से मिलने, कुछ भी करने और किसानों को आत्महत्या करने से रोकने की अपील भी की. अजीत पवार ने भी त्रि-बारिश में नुकसान झेल रहे किसानों को 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर और बागों के लिए 1.5 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की मदद देने की मांग दोहराई. इसके अलावा अजीत पवार ने सरकार का ध्यान अन्य अहम मामलों की ओर खींचा. राज्य में पिछले दो महीनों में भारी बारिश हुई है। अभी भी बारिश हो रही है। राज्य के सभी बांध भरे हुए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि बारिश जारी रहेगी। अगर इसके बाद भारी बारिश होती है तो बांध का पानी ओवरफ्लो हो सकता है और नदी के किनारे बसे गांवों के लिए खतरा बन सकता है। इसलिए अजीत पवार ने यह भी मांग की कि सिंचाई विभाग के अधिकारी रात में बारिश खत्म होने तक बांध पर रहें. अजित पवार ने यह भी कहा कि बांध से पानी छोड़ने में जरा सी भी चूक हुई तो इसका खामियाजा नीचे के लोगों को भुगतना पड़ेगा.

खाने की शिकायत पर जड़ा दिया ऐसा घूंसा, ग्राहक हो गया अचेत; एक महीने बाद मौत!

एक रेस्तरां के कर्मचारी ने बुजुर्ग को छोटी सी बात पर घूंसा मार दिया। पीड़ित को इतनी चोट आ गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और एक महीने बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक वेंडीज के कर्मचारी ने खाने को लेकर शिकायक के बाद थप्पड़ मार दिया था। बात 26 जुलाई की है। एरिजोना के वेंडीज रेस्तरां में ऐंटोइने केंद्रिक नाम का 35 साल का वेटर 67 साल के शख्स पर अचानक टूट पड़ा। पुलिस ने बताया कि शख्स ने खाने को लेकर शिकायत की थी। पुलिस ने घटना का फुटेज भी जारी किया है। इसमें देखा जा सकता है कि केंद्रिक काउंटर से उठकर बुजुर्ग की ओर दौड़ा और ग्राहक को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया।

बुजुर्ग जमीन पर गिर गया और उसके सिर में चोट लगी। इसके बाद वह बेहोश हो गया। इसके बाद पीड़ितो को एयरलिफ्ट करके गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। 5 अगस्त को बुजुर्ग ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। केंद्रिक पर पहले दुर्व्यवहार के आरोप लगाए गए थे लेकिन बुजुर्ग की मौत के बाद सेकंड डिग्री मर्डर का मामला दर्ज किया गया है।

ग्लैमरस दिखने की कोशिश कीर्ति सुरेश को पड़ी भारी, लोगों ने दिया बेहूदा फैशन का खिताब

साउथ इंडस्ट्री की सबसे सुंदर और सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक कीर्ति सुरेश अक्सर अपनी फिल्मों और फैशन सेंस के चलते चर्चा में बनी रहती हैं। वह मनोरंजन के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही हैं, जिसके कारण उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। लेकिन हाल ही में कुछ ऐसा हुआ है कि जिसके कारण वह नेटिजन्स के निशाने पर आ गई हैं। अक्सर लड़कियों को फैशन गोल देने वाली किर्ती आज अपने अजीबो-गरीब फैशन की वजह से बुरी तरह से सोशल मीडिया पर ट्रोल की जा रही हैं।

ट्रोलिंग का शिकार हुई कीर्ति

हाल ही में सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म 'सरकारू वारी पाटा' में अपने अभिनय का दम दिखा चुकीं कीर्ति सुरेश इन दिनों सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर आ गई हैं। दरअसल, हाल ही में अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह ग्रीन कलर का ओवरसाइज सूट पहने नजर आ रही हैं। अपने इस वेस्टर्न लुक को अभिनेत्री ने हैवी ज्वेलरी के साथ कंप्लीट किया, जो यूजर्स को बिल्कुल पसंद नहीं आया।

फैशन सेंस के कारण यूजर्स ने दिया टैग

कीर्ति को इस लुक के कारण लोग बहुत बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं। लोगों के कमेंट देख लग रहा है कि कीर्ति की ग्लैमरस और स्टाइलिश दिखने की यह कोशिश उनके लिए भारी पड़ गई है। जहां कुछ यूजर्स उनकी खूबसूरती का तारीफ कर रहे हैं, वहीं कुछ नेटिजन्स ने कीर्ति के इस स्टाइल को 'वर्स्ट फैशन सेंस ऑफ द डे' के खिताब से नवाजा है। एक यूजर ने लिखा, 'ये फैशन आपको सूट नहीं करता।' तो वहीं दूसरे ने उन्हें इंडियन ड्रेस कैरी करने की सलह देते हुए लिखा, 'आप इंडियन फैशन में ही खूबसूरत लगती हैं।'

मुंबई में नाकेबंदी, पुणे में भी हाई अलर्ट जारी...!

मुंबई : रायगढ़ जिले के हरिहरेश्वर और भारदखोल के पर्यटन स्थलों पर समुद्र में दो संदिग्ध नावें मिली हैं. इन नावों से एक एके 47 राइफल मिली है और इलाके में हड़कंप मच गया है। इसको देखते हुए रायगढ़ जिले में पुलिस की ओर से हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया है। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, मुंबई में नाकाबंदी लगाई गई है। साथ ही मुंबई के रायगढ़ के साथ पुणे में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. इस समय मुंबई में हर जगह नाकाबंदी है। जगह-जगह नाकेबंदी बढ़ा दी गई है। क्या यह महाराष्ट्र में हुए हादसे की वजह हो सकती है ?साथ ही मुंबई और स्थानीय जगहों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है. इसी पृष्ठभूमि में मुंबई में हर जगह हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। वाहन निरीक्षण व बम निरोधक दस्ते को जांच के निर्देश दिए गए हैं। रायगढ़ में एक नाव में हथियारों का जखीरा मिलने के बाद महत्वपूर्ण शहर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुंबई के रायगढ़ के साथ पुणे में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. पुणे में अहम जगहों पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जा रही है. पुणे के पुलिस आयुक्त अमिताभ गुप्ता ने तत्काल बैठक बुलाई है.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 19 अगस्त 2022

मानहानि का मामला:

राउत वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मुंबई की अदालत में पेश हुए



मुंबई : जेल में बंद शिवसेना नेता एवं सांसद संजय राउत अपने खिलाफ दर्ज मानहानि के एक मामले में बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मुंबई में एक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हुए और उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोप स्वीकार नहीं किए। राउत के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया ने मानहानि का मामला दर्ज कराया है। राउत को प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें आर्थर रोड जेल में रखा गया है। मामले की सुनवाई कर रही शिवड़ी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने दिन की शुरूआत में जेल प्राधिकारियों से कहा था कि राउत को बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे अदालत के समक्ष पेश किया जाए। मेधा के वकील विवेकानंद गुप्ता ने बताया कि इसी के अनुसार, राउत मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित हुए और मामले में उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोप स्वीकार नहीं किए बल्कि खुद को बेकसूर बताया। वकील ने बताया कि मामले की सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित की गई है। मेधा ने राउत के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दाखिल की है। राउत ने उन पर ''100 करोड़ रुपये के शौचालय घोटाले'' में शामिल रहने का आरोप लगाया है। मेधा ने अपनी शिकायत में कहा कि राउत द्वारा उन पर एवं उनके पति पर लगाये गये आरोप निराधार और अपमानजनक प्रकृति के हैं।

भाजपा के पूर्व सांसद सोमैया की पत्नी ने कहा कि वह 15 और 16 अप्रैल की खबरें देखकर चकित रह गयीं कि राउत ने उन पर और उनके पति पर मीरा भायंदर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र वाले इलाके में कुछ सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और रख-रखाव को लेकर 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने अदालत से राउत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 499 और 500 के तहत मानहानि के आरोप में कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया है।

ठाणे में दही हांडी उत्सव के दौरान शिंदे और उद्धव के समर्थक शक्ति प्रदर्शन के लिए तैयार...

ठाणे : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र ठाणे में शुक्रवार को शिवसेना के उनकी अगुआई वाले गुट और उद्धव ठाकरे के गुट की ओर से दही हांडी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें दोनों के समर्थक शक्ति प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं. दोनों पक्षों के समर्थक दही हांडी के लिए अधिक से अधिक भीड़ आकर्षित करने में जुटे हैं. दही हांडी जन्माष्टमी उत्सव का हिस्सा है, जिसमें हवा में लटके छाछ से भरे मिट्टी के बर्तन तक पहुंचने की कोशिश की जाती है. रंगबिरंगी पोशाक पहने गोविंदा इसके लिए मानव पिरामिड बनाते हैं. इस पिरामिड पर चढ़कर एक युवक मटकी फोड़ता है. इस साल शिंदे के समर्थक तेम्बी नाका में दही हांडी रख रहे हैं, जबकि ठाणे से सांसद राजन विचारे का प्रतिद्वंद्वी खेमा ठाणे शहर के जंबली नाका में करीब 200 मीटर दूर इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. दोनों पक्ष शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और दिवंगत नेता आनंद दिघे के नाम पर कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिन्हें शिंदे अपना गुरु मानते हैं.

कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे मुख्यमंत्री के बेटे हैं. उन्होंने और ठाणे के पूर्व महापौर नरेश म्हस्के ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि उनकी हांडी सम्मान को दशार्ती है. दूसरी ओर, विचारे ने कहा कि उनकी हांडी वफादारी, एकता, संस्कृति और हिंदुत्व की आवाज को दशार्ती है. उत्सव के सुचारू संचालन के लिए शहर की पुलिस ने व्यापक बंदोबस्त किए हैं. श्रीकांत शिंदे और म्हास्के ने कहा कि ठाणे और मुंबई में होने वाले आयोजन की विजेता टीम को 2.51 लाख रुपये मिलेंगे. सांसद ने यह भी कहा कि वह दही हांडी को साहसिक खेल श्रेणी में शामिल कराने के लिए प्रयास करेंगे. विचारे ने कहा कि विजेता टीम को उनके कार्यक्रम में 1.11 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा. उन्होंने कहा कि सुरक्षा रस्सियों की व्यवस्था की जाएगी, डॉक्टर मौके पर तैयार रहेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभागियों के अलावा दर्शकों का भी बीमा किया जाएगा. स्थानीय संस्था स्वामी प्रतिष्ठान एक और दही हांडी का आयोजन कर रहा है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 51 लाख रुपये है, जिसमें विजेता टीम के लिए 11 लाख रुपये शामिल हैं. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित दही हांडी कार्यक्रम के लिए कुल 55 लाख रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की गई है और विजेता टीम को स्पेन जाने का भी मौका मिल सकता है.

महाराष्ट्र सरकार ने 5,211 घरों के लिए लॉन्च की ऑनलाइन लॉटरी...!

मुंबई : महाराष्ट्र क्षेत्र आवास विकास प्राधिकरण के पुणे डिवीजन में 5,211 घरों के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से राज्य विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को ऑनलाइन लॉटरी लॉन्च की गई।

एमएचएडीए की विभिन्न योजनाओं के तहत 278 घरों के लिए कम्प्यूटराइज्ड ड्रा होगा, एमएचएडीए के 2,845 फ्लैट 'पहले आओ पहले पाओ' प्राथमिकता के आधार पर दिये जायेंगे और 20 प्रतिशत व्यापक आवास योजना के तहत 2,088 फ्लैटों के लिए विधान भवन के समिति हॉल में शुरूआत की गयी। एमएचएडीए सोलापुर और कोल्हापुर जिलों के साथ पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ में घरों के लिए लॉटरी आयोजित कर रहा है। मिलिंद म्हैस्कर, प्रमुख सचिव, आवास विभाग, अनिल दिग्गीकर, उपाध्यक्ष, एमएएचडीए, सोनिया सेठी, प्रमुख सचिव, शहरी विकास विभाग और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे।

मुंबई की सड़क पर ठंडा-ठंडा कूल-कूल सफर

नितिन गडकरी ने लॉन्च की बेस्ट की एसी डबल डेकर

मुंबई : मुंबईकरों के लिए राहत भरी और अच्छी खबर है. अब मुंबई के लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए एसी बसों को लॉन्च किया गया है. मुंबई की पॉपुलर बस सर्विस बेस्ट का एसी वर्जन लॉन्च कर दिया गया है. मुंबईकरों को अब बेस्ट की एसी डबल डेकर का मजा मिलेगा. यानी कि अब मुंबई के लोग बेस्ट की बसों में तो बैठेंगे ही लेकिन साथ में एसी का भी लुफ्त उठाएंगे. केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई में अशोक लेलैंड कंपनी द्वारा बनाई गई एसी डबल डेकर बस का अनावरण किया है, ये बस इएरळ की ओर से चलाई जाएगी.

कितने यात्रियों के लिए होगी जगह

केंद्रीय मंत्री की ओर से लॉन्च की गई बेस्ट की एसी डबल डेकर बस में कम से कम 78 और ज्यादा से ज्यादा 90 यात्री बैठ सकेंगे. नई बसों में स्वचालित दरवाजे, सीसीटीवी कैमरे होंगे. इसके अलावा बस में दो कंडक्टर होंगे और दोनों के बीच संचार की विशेष व्यवस्था होगी.

सितंबर से मिलेगा सफर करने का मौका

नई एसी डबल डेकर बस ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ भारत-श्क श्रेणी की है. पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस के कुछ ट्रायल भी किए जाएंगे. इसलिए, यह सितंबर से जनता के लिए सड़कों पर उतरेंगी. बेस्ट के पास वर्तमान में 400 सिंगल-डेकर इलेक्ट्रिक बसें और 48 नॉन-एसी डबल-डेकर हैं जो यात्रियों को पूरे मुंबई में 16 मार्गों पर ले जाती हैं. सरकार पहले ही 900 डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी दे चुकी है. जिसमें इस साल के अंत तक 225 बसें चलती देखी जा सकती हैं. साथ ही अगली 225 बसें मार्च 2023 में मुंबई की सड़कों पर और शेष 450 बसें जून 2023 में चलती दिखाई देंगी.

सड़क किनारे फूड आउटलेट से संदिग्ध बीफ जब्त, मालिक के खिलाफ मामला दर्ज...!

महाराष्ट्र : पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक भोजनालय से संदिग्ध गोमांस (बीफ) बरामद किया है और इस संबंध में उसके 38 वर्षीय मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. यह भोजनालय बोरखेड़ी गांव के निकट है. महाराष्ट्र पशु संरक्षण (संशोधन) अधिनियम के तहत राज्य में सांड, बैल और गाय के वध पर प्रतिबंध है. एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस के एक दल ने मंगलवार रात भोजनालय का निरीक्षण किया और संदिग्ध गोमांस फ्रिज में रखा पाया. पुलिस ने मांस को जांच के लिए एक प्रयोगशाला में भेजा है. अधिकारी ने बताया कि बाद में, बुटीबोरी पुलिस ने हरियाणा के मेवात के रहने वाले भोजनालय के मालिक फकरू खान अशरफ खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016.
मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा!
www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani